TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com
https://twitter.com/teachersofbihar
https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

23 अगस्त 2025

Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

शक्ति के अभाव में विश्वास व्यर्थ है। विश्वास और शक्ति

दोनों किसी महान काम करने के लिए आवश्यक है।

सरदार वल्लभभाई पटेल



राकेश कुमार

www.teachersofbihar.org

मधु प्रिया

# आरती साहा का निधन 23 अगस्त



आरती साहा का जन्म 24 सितंबर सन 1940 को कोलकाता, पश्चिम बंगाल में हुआ था। उनका संबंध एक साधारण बंगाली हिंदू परिवार से था उनका पूरा नाम आरती साहा गुप्ता है। उनके पिता का नाम पंचुगोपाल साहा था। आरती अपने पिता की तीन संतानों में दूसरी और दो बहनों में बड़ी थी। उनके पिता सशस्त्र बल में एक साधारण कर्मचारी थे जब आरती ढाई साल की थी तभी उनकी माता का देहांत हो गया। उनके बड़े भाई छोटी बहन भारती को मामा के यहां रखा गया जबकि आरती अपनी दादी के पास रही।

आरती साहा की तैराकी प्रतिभा को सचिन नाग ने पहचाना और उसे तरासने का काम शुरू किया। साल 1949 में आरती ने अखिल भारतीय रिकार्ड सहित राज्य स्तरीय तैराकी प्रतियोगिताओं को जीता। उन्होंने साल 1952 में हेल सिंकी ओलंपिक में भी भाग लिया। 1960 में आरती साहा को पद्मश्री से सम्मानित किया गया। पद्मश्री प्राप्त करने वाले वे पहली भारतीय महिला खिलाड़ी थी। भारतीय डाक विभाग भी उनके जीवन से महिलाओं को प्रेरित करने के लिए 1998 में एक डाक टिकट जारी किया था। आरती साहा का निधन 23 अगस्त 1994 को पश्चिम बंगाल में हुआ। उनकी मौत की वजह पीलिया को माना जाता है, लेकिन मौत से पहले वह अपने जीवन को अपने उपलब्धियों से अमर बना चुकी थी।

# Teachers of Bihar

The change makers

## जयंती विशेष 23 अगस्त




**राजकुमार शुक्ल** *Raj Kumar Shukla*, जन्म: 23 अगस्त, 1875 - मृत्यु: 20 मई, 1929) भारत के स्वतंत्रता संग्राम के समय बिहार के चंपारण के निवासी और स्वतंत्रता सेनानी थे। ये राजकुमार शुक्ल ही थे जिन्होंने गांधीजी को चंपारण आने को बाध्य किया और आने के बाद गांधीजी के बारे में मौखिक प्रचार करके सबको बताया ताकि जनमानस गांधी पर भरोसा कर सके और गांधी के नेतृत्व में आंदोलन चल सके।

# Teachers of Bihar
The change makers

## MATH TLM
Class-6to8

10

## भिन्न के प्रकार (kinds of fraction)

### दशमलव भिन्न (decimal fraction)

वे भिन्नात्मक संख्याएं जिनके हर 10 या 10 के धातों के रूप में होता है, उसे दशमलव भिन्न कहते हैं।

जैसे -2/10,6/100,25/1000..... इत्यादि

### साधारण भिन्न (vulgar fraction)

ऐसी भिन्नात्मक संख्याएं जिनके हर 10 या 10 के धातों में न होकर अन्य कोई संख्या हो, उसे साधारण भिन्न कहते हैं ।

जैसे -2/4,8/6,9/36...... इत्यादि

Anu Priya, Science Teacher

# मुख्यमंत्री विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम

## (सुरक्षित शनिवार)

राकेश कुमार

## माह: August 2025

**प्रथम शनिवार**

दिनांक **02.08.2025**

बाढ़ से खतरे एवं डूबने से बचाव के उपाय, कौशल विकास एवं अभ्यास ( मॉकड्रिल )



**द्वितीय शनिवार**

दिनांक **09.08.2025**

पेयजल की अशुद्धता से होने वाले खतरे एवं इसके उपाय के बारे में जानकारी



**तृतीय शनिवार**

दिनांक **16.08.2025**

सांप, बिच्छू दंश एवं अन्य विषैले जीव जंतुओं के काटने से होने वाली परेशानियां एवं उनके समाधान। कुत्ते एवं बंदर का काटना एवं इससे बचाव के उपाय के बारे में जानकारी।



**चतुर्थ शनिवार**

दिनांक **23.08.2025**

नाव दुर्घटना एवं पानी में डूबने से बचाव के सन्दर्भ में जानकारी



**किसी माह पांचवे शनिवार पड़ने की स्थिति में**
**बच्चों को स्वच्छता संबधित जानकारी देंगे एवं उसका अभ्यास करायेंगे।**

**बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण**

www.teachersofbihar.org



# TOB





# खेल कॉर्नर





## पद्म पुरस्कार के लिए भेजे गए खिलाड़ियों के नाम

### पेरिस ओलिंपिक 2024 के मेडल विनर्स



**मनु भाकर**
शूटिंग
2 ब्रॉन्ज



**सरबजोत सिंह**
शूटिंग
ब्रॉन्ज



**स्वप्निल कुसाले**
शूटिंग
ब्रॉन्ज



**अमन सहरावत**
रेसलिंग
ब्रॉन्ज

*(पेरिस ओलिंपिक में नीरज चोपड़ा और भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने भी मेडल जीते थे। नीरज को 2022 में पद्मश्री मिल चुका है, जबकि हॉकी टीम से कोई नाम नहीं गया है।)*



*चेस प्लेयर डी गुकेश का नाम भी भेजा गया है। उन्होंने दिसंबर-2024 में वर्ल्ड चेस चैंपियनशिप जीती थी।*

# Teachers of Bihar
The Change Makers

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 23.08.2025

## स्थूल गत्यात्मक कौशल

स्थूल गत्यात्मक कौशल **(Gross Motor Skills)** वे कौशल हैं जिनमें शरीर की बड़ी मांसपेशियों का उपयोग करके बड़े-बड़े शारीरिक गतिविधि जैसे चलना, दौड़ना, कूदना, उछलना आदि शामिल होते हैं. ये कौशल बच्चों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और उनके शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास को प्रभावित करता है।

# Teachers of Bihar

The change makers



## गुणकारी सब्जियां



### परवल

मैं vit C का बेहतरीन स्रोत हूँ। इसके अलावा मुझमें vit A, कैल्शियम, आयरन, पोटैशियम, मैग्नीशियम जैसे मिनरल्स भी भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं।

Anu priya

# एस्ट्रोसाइज

कैंब्रिज, यूनाइटेड किंगडम

और

# टीचर्स ऑफ बिहार

के संयुक्त तत्वावधान में

# राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस

23rd August
NATIONAL SPACE DAY

के अवसर पर शुभारंभ

# ASTROCISE JUNIOR

"Space-Inspired Fitness for Every Child"

हर बच्चे के लिए अंतरिक्ष से जुड़ी प्रेरणादायी फिटनेस यात्रा



**Astrocise Junior**

दिनांक
**23.08.2025**



**Garima Gedamkar**
Founder, Astrocise
Senior Neuro Rehab and Stroke ESD Physiotherapist (NHS),UK
Space Station Ambassador ( International Space Station National Laboratory)
Mentor@2023 Space4women( An initiative of United Nations Office for outer space affairs)
Former Teaching Associate ( International Space University)



**Mohana Sai Akula**
Reaserch Scientist of Centre for Advance Research In Space Psychology, Institute of Aerospace Medicine, Indian Air Force , Bangaluru, Working Analog Astronaut,Indian Space Ambassador for Lunares Research Station , Poland,Europe

अधिक जानकारी के लिए QR कोड स्कैन करें अथवा विजिट करें

www.teachersofbihar.org

विकसित भारत अभियान
1947 TO 2047

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान



**क्या आप जानते हैं ?**

परमवीर चक्र को डिजाइन करने वाली महिला सावित्री बाई खानोलकर थीं. परमवीर चक्र के अलावा उन्होंने युद्ध और शांति दोनों के लिए दिए जाने वाले प्रमुख पदक अशोक चक्र, महावीर चक्र, कीर्ति चक्र, वीर चक्र और शौर्य चक्र भी डिजाइन किए थे।



राकेश कुमार

# पद्य पंकज

"

मत दबा समय की चट्टानों के नीचे,
दोनों हाथों तेरी मूरत को खींचे।
चरणों को धोते आधे से दृग मींचे,
मैं पड़ा रहूंगा तरु-छाया के नीचे।
स्वागत,जग चाहे कितना कीच उलीचे।
मत दबा समय की चट्टानों के नीचे।

---

माखनलाल चतुर्वेदी

www.padyapankaj.teachersofbihar.org

Madhu priya


23 अगस्त
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
स्वतंत्रता सेनानी
राजकुमार शुक्ल
23 अगस्त 1875 - 20 मई 1929
जयंती पर कोटि-कोटि नमन।
Madhu priya
www.teachersofbihar.org

23 अगस्त

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS



भारत एवं एशिया की पहली महिला इंग्लिश चैनल पार करने वाली प्रसिद्ध तैराक

## आरती साहा

की पुण्यतिथि पर नमन।



24 अगस्त 1940 - 23 अगस्त 1994

Madhu priya



ASTROCISE
23rd August
NATIONAL SPACE DAY
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
India Celebrates 2nd
NATIONAL SPACE DAY
23 अगस्त 2025
के अवसर पर शुभारंभ
ASTROCISE
JUNIOR
"Space-Inspired Fitness for Every Child"
INDIA SPACE WEEK
आर्यभट्ट से गगनयान तक
प्राचीन ज्ञान से अनन्त संभावनाओं तक
अधिक जानकारी के लिए QR कोड स्कैन करें